भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
16.03.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2340 का उत्तर

वरिष्ठ नागरिकों के लिए रेल किराया

2340. श्री दीपक अधिकारी (देव):

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि;

(क) वरिष्ठ नागरिकों के लिए रियायती रेल किराए को वापस लेने के क्या कारण हैं;

(ख) क्या उपर्युक्त कदम स्थायी हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो रियायती रेल किराए को कब तक पुन: शुरू किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): वैश्विक महामारी और कोविड प्रोटोकॉल को देखते हुए, 20.03.2020 से भारतीय रेल ने केवल दिव्यांगजनों की 4 कोटियों, मरीज़ों और छात्रों की 11 कोटियों को ही रियायत जारी रखी है। कोविड-19 द्वारा आई चुनौतियों के कारण वर्ष 2020-21 में उत्पन्न कुल यात्री राजस्व वर्ष 2019-20 कोविड पूर्व अवधि की तुलना में कम है। रियायतें देने की लागत रेलवे पर भारी पड़ती है, इसलिए वरिष्ठ नागरिकों सहित यात्रियों की सभी कोटियों के लिए रियायतों का दायरा बढ़ाना फिलहाल वांछनीय नहीं है।

उपरोक्त चुनौतियों के बावजूद रेलवे ने यात्रियों यथा दिव्यांगजनों की 4 कोटियों, मरीज़ों और छात्रों की 11 कोटियों को रियायत देना जारी रखा है।

****

S.K